आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड – सेबी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों का खंडन किया है।
- बिजली की आपूर्ति एवं इससे जुड़े मुद्दों का समाधान करने के लिए बिजली विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर जन सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।
- शिक्षा विभाग में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पद के लिए उम्मीदवारों की मूल दस्तावे़ज़ों की जांच का कार्य चौदह अगस्त से शुरू होगा।
- अंडमान निकोबार कमान की ओर से सेडलपिक तक बाईक और पर्वातारोहण अभियान की शुरूआत की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने कल नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में, अधिक उपज देने वाली एक सौ नौ किस्मों के बीज जारी किए। उन्होंने कहा कि जलवायु अनुकूल और अधिक उपज देने वाली इस किस्मों से किसानों की आय बढ़ेगी। इकसठ फसलों की इन एक सौ नौ किस्मों में चौंतीस खेती की और सत्ताईस बागवानी की किस्में हैं। खेत फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं, जबकि बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधियां पौधों के बीज शामिल हैं। श्री मोदी ने मोटे अनाज का उल्लेख किया और कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभ की चर्चा करते हुए कहा कि जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। किसानों ने प्राकृतिक कृषि को बढावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। श्री मोदी ने नई किस्में विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे ह ।

<><><><><><><>

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड – सेबी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों का खंडन किया है। सेबी ने कहा है कि उसके पास हितों के टकराव से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए पर्याप्त आंतरिक तंत्र हैं, जिसमें प्रकटीकरण ढांचा और अस्वीकृति का प्रावधान शामिल है। सेबी ने कहा कि प्रतिभूतियों की होल्डिंग और उनके हस्तांतरण के संदर्भ में आवश्यक प्रासंगिक खुलासे समय–समय पर किए गए हैं। इसने कहा कि अध्यक्ष ने हितों के संभावित टकराव से जुड़े मामलों से स्वयं को अलग भी कर लिया है। सेबी ने हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में किए गए दावों पर कहा है कि इन मुद्दों पर उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। इसमें कहा गया कि अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की सेबी ने यथोचित जांच की है। सेबी ने कहा कि वह भारत के पूंजी बाजारों की अखंडता और इसके व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति तथा ऊर्जा से जुड़े विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए इन दिनों बिजली विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर जन सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कल विम्बर्लीगंज में इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने बिजली आपूर्ति, कटौती और बिजली से जुड़े कई विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं और अधिकारियों से उनके मुद्दे पर की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जानना चाहा। विद्युत विभाग के निदेशक प्रशांत कुमार ने जन सुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और बताया कि उनका विभाग द्वीपों में बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रहा है। मन्नारघाट और विम्बर्लीगंज जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए पांच मेगावाट डी जी सेट की स्थापना के लिए निविदाएं मांगी गई है और ये प्रकिया अंतिम स्टेज पर है। इसके अलावा ओग्राब्राज जैसे क्षेत्र के लिए भी पांच मेगावाट डी जी सेट स्थापित करने पर कार्रवाई की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में श्री प्रशांत कुमार ने बताया कि मन्नारघाट और शोल–बे लाईनों को दुरूस्त करने के लिए जन सुनवाई में चर्चा की गई। हर साईट कार्यालयों से रिपोर्ट लेने को कहा गया है ताकि लोगों को कोई समस्या न हो। बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए निःशुल्क नम्बर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक एक एक जारी किया गया है।

इसके अलावा एक वाट्सऐप नम्बर भी उपलब्ध कराया गया है जिसमें लोग बिजली से संबधित शिकायतें और समस्याओं के बारे में जानकारी दे सकते है। उन्होंने कहा कि मंगंलूटान और वन्डूर, प्रातरापुर तथा बर्डलाईन जैसे क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पद के लिए उम्मीदवारों की अस्थाई सूची जारी की गई है। ये सूची पूर्णतः अस्थाई है। इस सम्बंध में संबंधित सभी उम्मीदवारों की मूल दस्तावेज़ो की जांच का कार्य चौदह अगस्त से सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच टैगोर कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। चौदह अगस्त को हिन्दी माध्यम के उम्मीदवारों के लिए अनुक्रमांक संख्या एक से एक सौ चालीस तक के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज़ों की जांच का कार्य किया जाएगा। सोलह अगस्त को अंग्रेजी माध्यम के पी एस टी के लिए अनुक्रमांक संख्या एक से एक सौ साठ तथा सत्रह अगस्त को एक सौ इकसठ से एक सौ छियासी तथा बांगला माध्यम के लिए अनुक्रमांक संख्या एक से चौहत्तर तक के उम्मीदवारों की दस्तावेज़ों की जांच की जाएगी।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपों में भी सावन के महीने में विभिन्न मन्दिरों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। आज सावन का चौंथा सोमवार है। इस सिलसिले में चिन्मया मिशन पोर्ट ब्लेयर के मन्दिर आज शाम पांच बजे से पार्थिव शिवलिंग पूजन और रूद्राभिषेकम का आयोजन किया जाएगा। पूजा–अर्चना के बाद रात्रि आठ बजे प्रसाद का वितरण होगा।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दक्षिण अंडमान उप–संभागीय पुलिस की ओर से तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। कला और संस्कृति विभाग की ओर से सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंगलूटान के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल का दौरा कराया गया। दौरे के दौरान विद्यार्थियों को जेल के इतिहास और स्वाधीनता संग्राम में वीर सपूतों की कुर्बानी के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से सेडलपिक तक बाईक और पर्वातारोहण अभियान की शुरूआत की गई है। कमान के कमांडर इन चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने ब्रिजगंज मिलिट्री स्टेशन से इस अभियान को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ये अभियान मात्र गणतव्य तक पहुंचने की यात्रा नहीं है बल्कि यात्रा के दौरान सेना के जवान लोगों को जोड़ने और स्वतंत्रता दिवस के महत्व की जानकारी भी देंगे। इस अभियान का नेतृत्व कमान के कैप्टेन.ऋतिक द्विवेदी कर रहे है, जिसमें उनतीस मोटर साईकिल चालक भाग ले रहे है। जो सात सौ किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। पन्द्रह अगस्त को सेडलपिक पर तिरंगा फहराकर अभियान का समापन होगा।

<><><><><><><>

इनर वील क्लब पोर्ट ब्लेयर के बत्तीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर मे ंकार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। उन्होंने क्लब की ओर से द्वीपों में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव निर्वाचित सदस्यों को भी अपनी शुभकामनाए ंदी। नव निर्वाचित अध्यक्ष नीता अग्रवाल ने क्लब की ओर से जरूरतमंदों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराजद्वीप के अगस्त माह के शेष कार्यक्रम उद्घोषित किए गए है। ये जलयान सत्रह अगस्त को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा और बाईस अगस्त को इसकी वापसी होगी। तीस अगस्त को जलयान अपनी अगली यात्रा में शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए छूटेगा। अग्रिम टिकटों की बुकिंग का कार्य आज से आरंभ होगा। यात्री जहाज़रानी विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकट खरीद सकते है ।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

दक्षिण अंडमान के बाज़ारों में हानिकारक रसायनों का उपयोग कर मछली बेचे जाने वालों की पहचान करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाए जाने के समाचार को–अंडमान क्रोनिकल ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से आर्थिक विकास के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा वादवानी फाउंडेशन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के समाचार को– द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। अनिम्स में प्रवेश के लिए चौदह अगस्त से आवेदन फार्म ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध होगा– डेली टेलीग्राम्स की खबर है। पुलिस महानिदेशक और उप–महानिरीक्षक ने पोर्ट ब्लेयर के मौसम विज्ञान केन्द्र का दौरा किया–द्वीप समाचार की खबर है। विनेश फोगाट की अपील पर खेल पंचाट का निर्णय तेरह अगस्त को आने से जुड़े समाचार को– इंफो इंडिया और द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

**<><><><><><><>**